मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 11 फरवरी, 2000 (माघ 22, 1921)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, सदस्य, बिलासपुर जिले के वन ग्राम कसईबहरा के आदिवासियों को बेदखल किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री नरेन्द्र सिंह तोमर, बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य, ग्वालियर जिला प्रशासन द्वारा नयागांव एवं राजपुरा के सहरिया आदिवासियों की भूमि पर प्रभावशाली लोगों का कब्जा करवाये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

निर्धारित समय

3. शासकीय विधि विषयक कार्य

1 घन्टा — श्री सत्यनारायण शर्मा, वाणिज्यिक कर मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2000 (क्रमांक 1 सन् 2000) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

4. अशासकीय संकल्प

(1) श्रीमती सुधा जैन, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगी -

45 मि. — "सदन का यह मत है कि महिलाओं को स्वस्थ एवं सक्षम बनाने हेतु प्राकृतिक योग विद्या एवं जूड़ो-कराटे की शिक्षा का आवश्यक प्रावधान स्कूल शिक्षा में किया जावे."

(2) सर्वश्री महेश तिवारी, धर्मजीत सिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

45 मि. — "सदन का यह मत है कि प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और इसके फलस्वरूप बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर प्लास्टिक के निर्माण और उपयोग पर प्रदेश में प्रतिबंध लगाया जाये."

(3) श्री श्याम होलानी, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

1 घन्टा — "सदन का यह मत है कि प्रदेश के ऐसे ग्राम जहां जल स्रोत हैं उन ग्रामों में जल-नल योजना शीघ्र प्रारंभ की जाय."

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 10 फरवरी, 2000